आईटीआई लिमिटेड ने 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

आईटीआई लिमिटेड, निगमित कार्यालय ने 15 अगस्त, 2022 को भारत की आजादी के 75वां वर्षगांठ - आजादी का अमृत महोत्सव और 76वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह एवं देशभक्ति के साथ मनाया।

आईटीआई लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री डी वेंकटेश्वरूलू ने निगमित कार्यालय, बेंगलूरु में श्री राजीव श्रीवास्तव, निदेशक(वित्त), श्री राकेश चंद्र तिवारी, निदेशक(विपणन), श्री बी. काशीविश्वनाथन, मुख्य सतर्कता अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारियों/कर्मचारियों एवं परिवार के सदस्यों, अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गार्ड ऑफ ऑनर के निरीक्षण पश्चात् राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज को फहराया एवं झंडे को सलामी देते हुए सभी ने राष्ट्रगीत को दोहराया।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए श्री डी. वेंकटेश्वरूलू ने सभी को अपनी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियो ने हमारे देश को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्र बनाने के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुती दी और उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री वेंकटेश्वरुलू ने कंपनी के कार्यनिष्पादन एवं ज़ारी परियोजनाओं की स्थिति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कर्मचारियों से वर्ष 2022-23 हेतु चुनौतियों को पूरा करने और लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आदेशों को निष्पादित करने का भी आग्रह किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री डी. वेंकटश्वरुलू ने अधिकारियों और कर्मचारियों को समूह कार्यनिष्पादन पुरस्कार 2022 प्रदान कर सभी को सम्मानित किया।